कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री रामफूल मीना पुत्र भौरीराम मीना निवासी ग्राम डाबरकलां पोस्ट निजामपुरा तहसील रामगढ पचवारा जिला दौसा, राजस्थान

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, रामगढ पचवारा

अपील सं0 20/2018

<u>निर्णय</u> दिनांक 07.05.2018

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, रामगढ पचवारा से दिनांक 09.03.2018 को सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, रामगढ पचवारा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि उपखण्ड अधिकारी, रामगढ पचवारा से पत्रांक डीएम/कोर्ट/आरटीआई/1670 दिनांक 24.04.18 द्वारा जारी किया जाकर सूचना चाही गई किंतु निर्धारित अवधि तक वॉछित रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना/नकल उपलब्ध नहीं करवाई गई है। सूचना का अधिकार अधिनियम– 2005 के तहत प्राप्त आवेदन पत्र की सूचना संबंधित व्यक्ति को 30 दिवस की समयावधि में उपलब्ध कराने का प्रावधान है। अतः अपील अपीलांट स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, रामगढ पचवारा को निर्देश दिये जाते है कि अपीलांट को वॉछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर उपलब्ध करावें। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली नियमानुसार प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा